# हंसी खेल

## (दूसरा भाग)

## पहली कक्षा

(भाषा, गणित और परिवेश अध्ययन की सम्मिलित पाठ्यपुस्तक और कार्यपुस्तक)

शिक्षक शिक्षा निदेशालय एवं
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद,
ओड़िशा, भुवनेश्वर

ओड़िशा विद्यालय शिक्षा कार्यक्रम प्राधिकरण,
भुवनेश्वर

# हंसी खेल

## (दूसरा भाग)

## पहली कक्षा

**संपादक मंडली :**
डॉ. चक्रधर विश्वाल
श्री नीलमाधव परिच्छा
श्री प्रशान्त कुमार रथ
श्री प्रमोद कुमार मल्लिक

**समीक्षक मंडली :**
श्री नरेश चन्द्र पण्डा
श्री नीलमाधव परिच्छा
श्री सुवास चंद्र मिश्र

**संयोजना :**
डॉ. प्रीतिलता जेना
डॉ. तिलोत्तमा सेनापति
डॉ. सविता साहू

**अनुवादक मंडली :**
प्रो. राधाकान्त मिश्र, समीक्षक
प्रो. स्मरप्रिया मिश्र
डॉ. स्नेहलता दास
डॉ. सनातन बेहेरा
डॉ. लक्ष्मीधर दास
डॉ. अजित प्रसाद महापात्र, अनुवादक

**संयोजना :**
डॉ. सविता साहू

**प्रकाशक :**


विद्यालय और गणशिक्षा विभाग, भुवनेश्वर, ओड़िशा

**मुद्रण वर्ष :** २०२०

**प्रस्तुति :**

**शिक्षक शिक्षा निदेशालय एवं राज्य शैक्षिक**
**अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् और ओड़िशा, भुवनेश्वर**
**और**
**ओडिशा राज्य पाट्यपुस्तक प्रणयन और प्रकाशन संस्था, भूवनेश्वर**

**मुद्रण : पाठ्यपुस्तक उत्पादन और विक्रय, भुवनेश्वर**



जगन्माता के चरणों में मैं जो-जो भेंट अबतक दे रहा हूँ, उनमें मौलिक शिक्षा ही सबसे ज्यादा क्रान्तिकारी और महत्वपूर्ण लगती है। इससे अधिक कोई महत्वपूर्ण और अनमोल भेंट मैं जगत् के सामने रख सकूँगा, ऐसा मुझे विश्वास नहीं हो रहा है। इसमें मेरे सारे रचनात्मक कार्यक्रमों के अनुप्रयोग करने की कुंजी है। जिस नई दुनिया के लिए मैं छटपटा रहा हूँ, उसका उद्भव इसीसे ही हो पाएगा। यह मेरी अन्तिम अभिलाषा है।

**-महात्मा गान्धी**



# हमारा राष्ट्र गान

“जन-गण-मन-अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता
पंजाब-सिंध-गुजरात-मराठा
द्राविड़ उत्कल बंग
विन्ध्य-हिमाचल-यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंग
तव शुभ नामे जागे
तव शुभ आशिष मांगे
गाहे तव जय गाथा
जनगण-मंगल दायक जय हे,
भारत भाग्य विधाता,
जय हे जय हे जय हे,
जय जय जय जय हे।”

हम ने अभी तक

च, ट, म, र, ग, झ, क, न, प, आ, ठ, ब, ल, अ, ख, छ, ण, त, द, ज, ड, ढ, ध, श, ष, स, ह, इ, उ, घ, भ, य

अक्षरों को सीखा है।

हिन्दी वर्णमाला में ये अक्षर अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ, क, ख, ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ, ञ, ट, ठ, ड, ढ, (ड़, ढ़), ण, त, थ, द, ध, न, प, फ, ब, भ, म, य, र, ल, व, श, ष, स, ह, क्ष


क्रम में रहते हैं।

# विषय सूची


| क्रम संख्या | विषय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| १४. | मन बदला | 96 |
| १५. | बिल्ली का कंगन | 103 |
| १६. | नदी में बाढ़ | 112 |
| १७. | नेवले का घर | 119 |
| १८. | वर्षा | 125 |
| १९. | बन्दर और केला | 132 |
| २०. | चूहा राजा | 139 |
| २१. | भाग-भाग, धरती फटी | 144 |
| २२. | विकेट - उड़ गया | 150 |
| २३. | कांचन की पाँच बातें | 157 |
| २४. | वाह ! इतना बड़ा | 164 |
| २५. | खंजड़ी बाजा | 170 |
| २६. | काँटा लगा गले में | 176 |
| २७. | बेटी हो तो ऐसी | 183 |
| २८. | रत्नाकर का जन्मदिन | 190 |


# मन बदला

फागुन का महीना । कड़ी धूप है । फूल, फलों से भरा जंगल । एक शिकारी धनुष-बाण लेकर जंगल में घुस गया । वह घूम-घूम कर थक गया । एक भी शिकार नहीं मिला । उसे बहुत प्यास लगी । हाथ-पांव काँपने लगे । कैथ पेड़ के नीचे धम् से गिर पड़ा ।





शिकारी को देखकर हाथी के मन में दया आयी । वह पानी लाकर उसकी देह पर पिचकारी मारने लगा । शिकारी के होश आए। वह हाथी की ओर देखने लगा । हाथी को देखकर उसका मन बदल गया । उसने धनुष-बाण फेंक दिया ।



# अभ्यास

१. आओ, बताएँ :

(क) शिकारी के हाथ-पाँव क्या हो गए ?

(ख) वह किस पेड़ के नीचे गिर पड़ा ?

(ग) शिकारी ने धनुष-बाण क्यों फेंक दिया ?

२.







ऊपर के चक्रों से बीच के अक्षरों से बनने वाले शब्दों को रेखा से जोड़ो ।

३. आओ, सजाकर बोलें :

**मआ, लफस, लफ, रश, थर, लीथा**

४. (क) जंगल न होता तो हमारी क्या असुविधा होती ?

(ख) तुम्हारे घर के चारों-ओर क्या-क्या फूल और फलों के पेड़ हैं ?

५. (क) खाली घर में संख्या लिखो ।

७ संतरे  -१  = ☐ संतरे










५ शरीफे  -१  = ☐ शरीफे

३ कलमें  -१  = ☐ कलमें

(ख) चित्र बनाओ और लिखो ।

८ पेंसिल  -१ पेंसिल  = ☐ पेंसिलें

६.

| | |
|---|---|
| ९ बच्चे |  |
| ८ बच्चे |  |
| ७ बच्चे |  |
| ६ बच्चे |  |
| ५ बच्चे |  |
| ४ बच्चे |  |
| ३ बच्चे |  |
| २ बच्चे |  |
| १ बच्चा |  = ० शून्य बच्चा |

## कैसे लिखें

९ बच्चों में से एक बच्चा गया तो रहे ८ बच्चे ।

९ - १ = ८ बच्चे

वैसे ८ बच्चे - १ बच्चा = ७ बच्चे

७. ऐसे लिखो-

श

थ

फ

८.

(क) यदि एक हाथी का बच्चा तुम्हारे घर में आ जाए तो तुम क्या करोगे ?

(ख) बाँस की सींक से धनुष-बाण बनाकर लाओ ।



# शिक्षक और अभिभावकों के लिए सूचना

★ बच्चों को कहानी विभिन्न इशारों / अंगभंगियों से सुनाएँगे । बोलेने के समय वाक्यों में प्रयुक्त शब्द और शब्दों के अक्षरों की पहचान पर ध्यान देंगे ।

★ चित्रों के बारे में चर्चा करेंगे ।

★ अभ्यास कार्य-०१ के अलावा अधिक छोटे-छोटे प्रश्नों की चर्चा करेंगे।

★ अभ्यास कार्य-४ (क), (ख) में हर विद्यार्थी को बोलने का मौका दिया जाएगा । घर के नजदीक उपलब्ध फल, फूलों पर आलोचना अत्यन्त आवश्यक है ।

★ अभ्यास कार्य-५ में पुस्तकीय कार्यों के साथ-साथ वस्तुओं से घटाने (-) का काम कक्षा में किया जाएगा । इस समय लिखने पर ध्यान दिया जाएगा। स्लेट, श्यामपट और फर्श पर संख्याओं के घटाव (वियोग) पर ध्यान दिया जाएगा ।

★ अभ्यास कार्य-७ के अक्षर लेखन कार्य के लिए स्लेट, श्यामपट और दीवार के श्यामपट पर कार्य करवाना आवश्यक है ।

★ इस पाठ के लिए सर्वनिम्न १९ घंटियाँ (पीरियड़) चाहिए । इस पाठ में श, थ, फ अक्षरों की पहचान, पठन और लेखन-चित्र पर आलोचना, ९ के बीच घटा १ का क्रमिक रूप से घटा, ० के बारे में बताना, सृजनात्मक चिंतन और हस्तकर्म आदि पर आधारित दक्षताओं का विकास आवश्यक है।

पाठ-१५

# बिल्ली का कंगन



बंदर रुपए की थैली लेकर बाजार गया । मिर्च खरीदी । दुकान में पंखा घूम रहा था ।



उसी समय एक सफेद बिल्ली आयी और एक कंगन लेकर भाग गई ।



बंदर ने सफेद
बिल्ली को देखा
और हड़बड़ा
कर एक लाल
मिर्च चबा दी ।
मिर्च खाकर
उसका मुँह टेढ़ा
हो गया ।

सफेद बिल्ली बंदर का टेढ़ा मुँह देखकर जोर से हँसने लगी ।



# अभ्यास

१. (क) चित्र के बीच में 'अं' (ङ्क) है । जिन शब्दों में 'अं' है उन्हें रेखो से खींचकर जोड़ो ।




(ख) शंख के बीच में 'ङ्ख' है । इसके चारों ओर चार शब्द हैं । तुम इन शब्दों के (ङ्ख) को रेखा खींच कर जोड़ो ।

पंखा

पंख




शंख

२. खाली घरों में (ङ्क), (ङ्ख) अक्षरों से शब्द लिखो। जैसे -

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अंक | पंख | | | | | |

३. पाठ में जिन शब्दों में 'अं' हो, उन्हें देखकर लिखो।

४. मुद्राओं को पहचानो ।



५. समान परिमाण की मुद्रा से नोट तक लकीर खीचो।
























६. उत्तर दो :

(क) कितने रुपए में बिल्ली का खिलौना मिलेगा ?

(ख) तीन रुपए में कौन-सा खिलौना मिलेगा ?

(ग) कितने रुपए देने से बिल्ली और हंस का खिलौना मिलेगा ?


(घ) तोता और हंस के खिलौने खरीदने से हमें कितने रुपए देने होंगे ?

(ङ) चूहा और छिपकली की कीमत कितनी है ?

(च) बिल्ली और चूहे के खिलौने कितने रुपए में मिलेंगे ?



७. किसमें कम है और किसमें अधिक है, जानो।



पहला



दूसरा

(क) पहले पेड़ के आम – दूसरे पेड़ के आम ।


= ☐ आम

(ख) दूसरे पेड़ के आम – पेड़ के नीचे गिरे आम ।


= ☐ आम

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (ग) | ९ | − | ५ | = | |
| (घ) | १५ | − | ४ | = | |
| (ङ) | १७ | − | ६ | = | |

८. आम में रंग भरो ।



९. नीचे रेखा से चिह्नित मुख के विभिन्न अंशों के नाम लिखो।



१०. लिखो।

ङ्क

ङ्ख

## शिक्षक और अभिभावकों के लिए सूचना

★ चित्र देखकर छात्र-छात्राएँ कहानी दो-तीन बार पढ़ेंगे । उसमें से पूरी पंक्ति, आधी पंक्ति, शब्द-क्रम से अक्षरों को पहचानेंगे ।

★ ङ्क, ङ्ख शब्द पहचानेंगे, पढ़ेंगे और लिखेंगे । ङ्ख, ङ्ख आने वाले शब्दों को पढ़ेंगे और लिखने का अभ्यास करेंगे ।

★ चालू सिक्कों और नोटों को छात्र-छात्राओं को दिखाकर उनसे परिचित कराएँगे ।


★ अभ्यास ५, ६, ७ की तरह दूसरे प्रश्न दिए जाएँगे और अभ्यास कराए जाएँगे ।

★ अभ्यास ८ की तरह दूसरे चित्रों के अभ्यास भी दिए जाएँगे ।

★ २२ घंटियों के इस पाठ से छात्र-छात्राओं को ङ्क, ङ्ख पढ़ने, लिखने, सिक्कों का परिचय, नोटों का परिचय, सिक्कों की तुलना, सिक्कों के योग (९ तक), २० तक की संख्याओं के घटाव, और बाह्य अङ्गों के विभिन्न अंशों के नाम जानना आदि दक्षताओं का विकास होना जरूरी है।

पाठ-१६

# नदी में बाढ़



# अभ्यास

१. उत्तर दो।

(क) इस पाठ के चित्र में तुम क्या-क्या देख रहे हो ?

(ख) इस चित्र में तुम किन पशुओं को देख रहे हो ?

(ग) इस चित्र में तुम किन पक्षियों को देख रहे हो ?

(घ) नाव में क्या हो रहा है ?

(ङ) लोगों ने कहाँ आश्रय लिया ?

२. नीचे दिए गए पशुओं में से कौन-सा पशु घर में रहता है और कौन सा जंगल में ? रेखा खींच कर जोड़ो। रेखा खींच कर घर और जंगल के चित्रों के साथ जोड़ो।








३. नीचे दिए गए पशुओं के चित्र देखकर तालिका में लिखो कि कौन उछल-कूद करता है और कौन उछल-कूद नहीं कर पाता ?

| उछल-कूद करते हैं | उछल-कूद नहीं कर पाते हैं |
| --- | --- |
| | |
| | |
| | |




४. पक्षी क्या-क्या खाते हैं ? एक तालिका बनाकर लिखो।

५. ★ नदी में बाढ़ आने का चित्र देखो और बताओ कि घर के क्या-क्या सामान बह रहे हैं ?

★ याद करके बताओ कि हमारे घर में क्या-क्या सामान हैं ?

★ नदी में बाढ़ आने के समय हमारे घर की चीजों में से कौन-कौन सी चीजें बह जाती हैं ?

★ नीचे के चित्रों को देखकर बताओ कि कौन-सी चीज किससे बनी है ?



★ नीचे दिए गए चित्रों को देखकर बताओ कि कौन-सी चीज कैंची से कटती है और कौन-सी चाकू से ।



★ कैंची से कटने वाली चीजों को गोलाकर ◯ बनाओ और चाकू से कटने वाली चीजों को वर्गाकार में ▭ रखो।

६. पढ़ो :

नदी मिठाई नाई भाई लाई हाथी साथी नारी

७. जिन शब्दों में ई / ी मात्रा हो उन्हें गोल बनाओ।

नारी काफी कवि पानी हरि नयी

छतवर विभूति लड़की बुनाई ईंट

८. (क) चित्र देखकर बताओ कि लोग क्यों छप्पर पर बैठे हैं ?

(ख) चित्र में जो स्थान ऊँचा है उसके चारोंओर ◯ बनाओ।

(ग) जो चित्र गड्ढ़े में है उसके चारों ओर ▭ बनाओ।

९. इस पाठ के चित्र में तुम्हें जो चित्र पसन्द है, उसे यहाँ बनाओ ।

# शिक्षक और अभिभावकों के लिए सूचना

★ शिक्षक चित्र देखकर विभिन्न प्रकार के प्रश्नों पर चर्चा करेंगे । जैसे - यह चित्र कब बनाया गया था ? इसमें तुम क्या देख रहे हो ? नदी की बाढ़ में कौन-कौन बह रहे हैं ? लोग कहाँ आश्रय ले रहे हैं? उनकी रक्षा कैसे की जाती है ? बाढ़ के बाद लोग और किस प्रकार की समस्या का सामना करते हैं? इस पर भी चर्चा की जाएगी ।

★ चित्र पर चर्चा करते समय अपने घर के आस-पास की वस्तुओं तथा घर के सारे सामानों पर भी चर्चा की जाएगी ।

★ अभ्यास कार्य- २ में अधिक पशुओं पर बात की जाएगी ।

★ वे घर में रहते हैं या जंगल में रहते हैं, इस पर भी विचार होगा ।

★ अभ्यास कार्य-४ में पक्षी क्या खाते हैं, बताया जाएगा । उसके साथ अपने क्षेत्र में दीखनेवाले पक्षियों के आहार पर बात होगी ।


★ अभ्यास कार्य-५ में प्र- ३ के लिए जितनी सामग्री दी गई है, उससे अधिक सामग्रियों पर चर्चा की जाएगी ।

★ इस पाठ के लिए १४ घंटियाँ हैं । इसमें 'ई' का पठन, लेखन, स्थानीय भू-भाग, घर के सामानों पर चर्चा चित्रांकन किस सामग्री से क्या बनाया जाएगा आदि दक्षताओं का विकास होना अत्यन्त आवश्यक है ।

पाठ-१७

# नेवले का घर

अकेला अकेला दौड़ता चला
बड़ा मजबूत है वह नेवला
ढाई किलो की मछली
हाथ में रखी है पकड़ी
एक बढ़ई बुलाएगा
अपना घर बनाएगा ।





# अभ्यास

१. चित्र देखकर पढ़ो।


नेवला


बिल्ली


रोहू


खरगोश



चिड़िया


बढ़ई

२. चित्र देखकर अक्षर और मात्रा को शून्यस्थान में भरो।


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | १ | — क | ११ | ग्यार — |
| (ख) |  | बिल्ल — |  | बढ़ — |
| (ग) |  | —चड़िया |  | खरग—श |

३. अक्षरों को जोड़कर पढ़ो और लिखो ।




४. 'ए' को लेकर पढ़ो और लिखो।

जैसे, ए + क = एक




५. जिस चित्र के साथ जिस शब्द का संबंध है, उनको जोड़ो। फिर वाक्य बनाओ।



मिट्‌टी



सोना




लकड़ी



लोहा




कागज



बाँस

६. चूहा कौन-सी चाबी से कौन-सा ताला खोलेगा, उसे रेखा से जोड़ो।



## शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सूचना

★ पहले के गीत की तरह पाठ को २/३ बार चित्र देखकर पढ़ा जाएगा। शिक्षक 'ए' अक्षर तथा ' ` ' की मात्रा की पहचान करवाएँगे ।


★ अभ्यास ४ और ५ की भाँति अन्य कार्य भी करवाए जाएँगे ।

★ 'ए' और ' ` ' मात्रा के शब्दों का अधिकाधिक अभ्यास किया जाएगा ।


★ इस पाठ से २० घटियों में विद्यार्थियों को 'ऐ' और '`' की मात्रा की पहचान कर पढ़ने, लिखने तथा दो संख्याओं के योगफल १८ होने के जोड़ बताए जाएँगे । कौन-सी चीज से क्या बनता है । उसे जानने की दक्षता का विकास होना आवश्यक है ।

पाठ-१८

# वर्षा





कई दिनों से वर्षा नहीं हुई थी । नदी-नाले, तालाब, गड्ढ़े सब का पानी सूख गया था । इसलिए खरगोश, कोयल, कबूतर, कबूतरी, मेढ़क, कुत्ता, कौवा, ऊदबिलाव और सियार आदि पानी के लिए छटपटाने लगे । प्यास से होंठ सूखे जा रहे थे । वे तरसते हुए बादल से पानी माँगने लगे ।



काँव-काँव करके कौवा
वर्षा रानी को बुलाया ।
हुवाँ - हुवाँ करे सियार
वर्षा रानी हमें निहार
आखिर बुलाया मेढ़की रानी
देखो, बादल से टपका पानी ।

# अभ्यास

१. 'ओ' अक्षर वाले शब्द को 'ओ' से रेखा खींचकर जोड़ो ।
'ओ' की तरह उच्चरित होने वाले शब्दों के नीचे रेखा खींचो ।

| | | |
|---|---|---|
|  ओला |  झोला |  दोस्त |
|  ढोल | ओ |  ओर / ओड़िशा |
|  ओढ़नी |  टोपी |  ओस |

२. 'ओ' अक्षर वाले शब्दों को रेखा खींचकर ' ो' मात्रा युक्त शब्दों के साथ जोड़ो ।

जोकर

ओला ओढ़नी



खोपड़ी कोयल

घोड़ा चोर गोभी

३. चित्र देखकर शून्य स्थान भरो ।



भौं-भौं करता है ।

काँव-काँव करता है ।

हुवाँ–हुवाँ करता है ।

४. (क) सबसे पहले किसने वर्षा को बुलाया ?

(ख) किसने आखिर में वर्षा को बुलाया ?

(ग) किसने बीच में वर्षा को बुलाया ?


५. बताओ।



बिल्ली दीदी की शादी में शेर, सियार, हाथी, कुत्ता, गिलहरी, तोता, कबूतर और कौवा चल पड़े ।

यदि सबसे आगे हाथी जाएगा और सबसे पीछे गिलहरी तो हाथी के पीछे बड़े से छोटे क्रम में बताओ कौन-कौन रहेंगे ।

६. चित्र देखकर बताओ।



(क) कौन पहले है ?

(ख) अंत में कौन है ?

(ग) बीच में कौन-कौन हैं ?

(घ) किसके पहले कौन है? और किसके बाद कौन है?

(ङ) हाथी और सियार के बीच कौन है?

(च) कुत्ता और कौवे के बीच कौन है?

७. पूर्व और परवर्ती संख्या को खाली घर में लिखो।

| | |
|---|---|
| ३ | ४ |
| २ | |
| | ७ |
| ८ | |
| | ८ |
| | ६ |
| ६ | |
| ७ | |

| | | |
|---|---|---|
| २ | | ४ |
| ६ | ७ | |
| ४ | ५ | |
| | ८ | ९ |
| १ | २ | |
| | | ५ |
| | ७ | |
| | ६ | |

८. (क) चित्र देखकर वर्षाऋतु की पोशाक को शीतऋतु की पोशाक के साथ खींचकर जोड़ो ।










(ख) किसके साथ क्या मेल खाएगा उसे लकीर से खींचकर जोड़ो। जैसे-

| | |
|---|---|
| गाय | रँभाती है । |
| हाथी | घास खाता है । |
| हिरन | हुवाँ-हुवाँ करता है । |
| सियार | भौं-भौं करता है । |
| कुत्ता | धीरे-धीरे चलता है । |

# शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सूचना

★ चित्र देखकर पाठ को दो-तीन बार पढ़ाया जाएगा ।

★ विद्यार्थी 'ओ' अक्षर पहचानेगा और ' ो' मात्रा पहचान कर उसका प्रयोग करेगा ।

★ अभ्यास १, २, ३, ४, ५ की तरह अधिक अभ्यास दिए जाएँगे । 'ओ' और ' ो' मात्रा युक्त शब्दों का पठन और लेखन के लिए मौका दिया जाएगा ।

★ अभ्यास-८ की चर्चा के समय विद्यार्थियों को अपने क्षेत्रों में पहने जानेवाली पोशाकों के बारे में बताया जाएगा ।

★ विद्यार्थी अब तक सीखे हुए अक्षरों से शब्द गठन करेंगे और उन शब्दों को पढ़ने और लिखने का अभ्यास करेंगे ।

★ २२ घंटियों के इस पाठ से विद्यार्थियों को 'ओ' और ' ो' मात्रा की पहचान, पढ़ना, लिखना, पूर्ववर्ती, संख्याओं की जानकारी पाना तथा वर्षाऋतु की पोशाकों को जानने की दक्षता का विकास करना आवश्यक है ।

पाठ-१९

# बन्दर और केला



हाथी और बन्दर अच्छे मित्र थे । एक दिन दोनों मिलकर नदी किनारे जा रहे थे । तब एक मेढ़क सहसा कूद पड़ा । हाथी मेढ़क की आवाज से चौंक गया । उसने देखा कि मेढ़क एक केले के बाग की रखवाली कर रहा है ।




हाथी सूँघ-सूँघ कर बोला- 'आह ! क्या खुशबू है । पूरा पका हुआ केला ।' तब बन्दर अपनी जाँघिया ठीक करके बोला - हाँ, हाँ चलो । हम भी दो-चार केले खा लें ।'




बन्दर की बात सुनते ही मेढ़क गुस्से से लाल हो गया । अपनी जाँघ ठोंकते हुए बन्दर का जांघिया खींच दिया । बन्दर के मित्र हाथी ने मेढ़क की जाँघ पीटना देखकर खूब जोर से हँस दिया । बोला- 'चलो, हम सब मिलजुल कर रहेंगे, मिलकर केले खाएँगे । हम सब भाई-भाई हैं ।'

# अभ्यास

१. चित्र देखकर पढ़ो।



केला


हाथी


दीप


तीर

२.




★ ऊपर के चित्र में जिस घर में 'ई' की मात्रा है उसी घर के फूल की पँखुड़ी में पीला रंग दो।

★ पीले रंगवाली पँखुड़ियों को गिनकर खाली घर में लिखो ।


★ बिना रंगवाली पँखुड़ियों को गिनकर लिखो ।

★ कुल कितनी पँखुड़ियाँ हुईं, लिखो ।

३. नीचे की पंक्ति में जहाँ (ई-ी) की मात्रा छूट गई है, उसमें मात्रा जोड़कर पढ़ो।

बन्दर और हाथ केला खाने गए ।

४. चित्र के साथ पढ़ो।

(क) पहलवान अपनी  पीटकर लड़ने के लिए बुला रहा है ।

(ख) हम  में बैठकर नदी पार करते हैं ।

(ग) नीरज ने नीले रंग का  खरीदा ।

(घ) किसान  उठाकर खेती करने जा रहा है ।

५. (क) चित्र देखकर शून्यस्थान भरो :



मेढ़ —




ऊँ — ली

(ख)  पढ़ेंगे ।

लंबा आदमी फूल सूँघ रहा है ।

(ग) अंग और जांघ जैसे कुछ और शब्द लिखो ।

६.




★ तुम्हारी किताब के आवरण - पृष्ठ को माचीस की सींक से नापो और बताओ ।
★ एक डंडे से अपनी कक्षा के कमरे की लंबाई और चौड़ाई नापो ।
★ दो हाथ लंबा एक डंडे से बगीचे की चौड़ाई नापो ।
★ अपने सिर को धागे से नापो ।
★ मग से पानी लेकर गिलास में नापो ।

## गृहकार्य

-तुम अपने घर की चौड़ाई को कदमों से नापो ।

-घर में अपनी माँ के साथ उसकी एक साड़ी को उसके हाथ से नापो और लिखो ।

७. नीचे कुछ फलों के चित्र हैं । तुम्हे जो खट्टा लगता है उसे पेंसिल से और जो मीठा लगता है उसे कलम से रेखा खींच कर जीभ से जोड़ो ।





गन्ना, केला, लीची, संतरा, करबेर, आम, ईमली

८. शिक्षक नीचे दिए गए कार्यों को छात्रों से करवाएँगे ।

(क) तुम अपनी जीभ को हाथ से पकड़ो और अपने दोस्त का नाम लेकर बुलाओ। अब दोस्त से पूछो कि तुम्हारी आवाज उसे कैसे सुनाई देती थी ।

(ख) जीभ के कारण हमारी क्या-क्या सुविधाएँ होती हैं, बताओ ।

९. नाम बताओ।

(क) खट्टी चीजें

(ख) मीठी चीजें

(ग) कड़वी चीजें

(घ) तीखी चीजें

# शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सूचना

★ चित्र दिखाएँ और धीरे-धीरे पाठ भी पढ़ाएँ जिससे शिक्षक और छात्र दोनों मिलकर पढ़ेंगे ।

★ जब मेढक की अपनी जाँघ पीटने की बात आएगी तब छात्रों को भी अपनी जाँघ पीटने के लिए कहा जाएगा ।

★ कहानी पढ़ाने के बाद कुछ ऐसे प्रश्न करें ताकि छात्र 'अं' का उच्चारण कर पाएँगे ।

जैसे : मेढ़क ने गुस्से से क्या-पीटा ? हाथी क्यों हँसा ?

★ जहाँ बच्चों को सूचना समझने में दिक्कत होगी वहाँ खुद शिक्षक उनकी मदद करेंगे ।


★ अभ्यास ५ (ग) का सवाल शिक्षक पूछेंगे । ०६ नंबर सवाल की सूचना बारी-बारी से देकर काम करवाए जाएँगे ।

★ हर विद्यार्थी को पढ़ने, बोलने, अभिनय करने और नाचने का काम करना चाहिए ।

★ २१ घंटियों के इस पाठ से शिक्षार्थियों का 'ी' की मात्रा पहचानना, 'ी' लगे शब्दों को पढ़ना, 'अं' को पहचानकर पढ़ना और लिखना, लबांई-चौड़ाई नापना, स्वादयुक्त चीजों के नाम बताना गैर-मानक इकाई से नापना आदि दक्षताओं का विकास होना आवश्यक है ।

पाठ-२०

# चूहा राजा



आ पहुँचा चूहा राजा
धूप-दीप से हुई पूजा
भेरी तूरही और बजा बाजा
मौज मस्ती से साज-सजा
बैठ के सब ने खाना खाया
ज्यादा कम किसी ने न कहा ।


# अभ्यास


१. चित्र देखकर पढ़ो।



कम


ज्यादा



चूहा



मोर


तूरही


मूली

२. 'ऊ' ( ू ) की मात्रा लगाओ और पढ़ो ।


मली


तरही

३. (क) 'ऊ' ( ू ) की मात्रा वाले शब्दों के नीचे रेखा खींचो ।

धूप-दीप, पूजा-पर्व, धूल-गर्द,

फूल, झाड़ू, अंगूठी, सूरज

(ख) 

ऊपर कुछ चित्र दिए गए हैं । पूजा के समय जो बाजा बजता है उसके नीचे रेखा खींचो। पूजापर्व के समय जो चीज काम में आती है, उनको गोल घेरे में रखो ।

४. आओ किसके पास कितने आम हैं, जोड़ कर बताओ।




(क) सीता और रीता के पास कितने आम हैं ? ☐

(ख) मीता और रीता के पास कितने आम हैं ? ☐

(ग) गीता और सीता के पास कितने आम हैं ? ☐

(घ) गीता और मीता के पास कितने आम हैं ? ☐

(ङ) सीता और मीता के पास कितने आम हैं ? ☐

५. शून्य स्थान भरो ।

५ आम + ५ आम = — आम

८ आम + ५ आम = — आम

७ आम + ४ आम = — आम

— आम + ८ आम = ११ आम

— आम + — आम = १५ आम

६. अपने सिर पर लपेटने के लिए एक कागज की पट्टी बनाओ। देखो कि मित्रों में किसके सिर की पट्टी बड़ी हैं ।

७. पढ़ो ।

- ★ नूआखाई ओड़िशा का एक बड़ा त्योहार है ।
- ★ उस दिन लोग देवी माँ को नया धान और सब्जी का भोग चढ़ाते हैं ।
- ★ उस दिन बड़े लोग छोटों को आशीर्वाद देते हैं।
- ★ नूआखाई के दिन लोग बहुत मौज-मस्ती करते हैं ।

८. अपने घर में जो त्योहार मनाते हैं, उन पर पाँच वाक्य कहेंगे ।

# शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सूचना

★ कविता की तीन/चार बार आवृत्ति की जाएगी । आवृत्ति करने के समय शिक्षक अंग-भंगियों से समझाएँगे, पद से पंक्ति, पंक्ति से आधी पंक्ति, आधी पंक्ति से शब्द, शब्द से अक्षर पहचान कराएँगे ।

★ अभ्यास - १ : करते समय ग्लास में अधिक और कम पानी, थाली में अधिक और कम बालू आदि के बारे में काम करवाया जाएगा ।

★ अभ्यास - २ के लिए ' ू ' प्रयुक्त कर कुछ शब्द लिखने के लिए दिए जाएँगे ।

★ अभ्यास - ४ में दिए गए वाद्ययंत्रों के बारे में चर्चा की जाएगी । जैसे- किस से बना है ? उसका नाम क्या है ? इनमें से किसने देखा है ? इसकी ध्वनि कैसी है ?

★ अभ्यास - ७ में सिर के अलावा हाथ की कलाई, कंधा और बालों को भी कागज की पट्टी से नापने तथा तुलना करने के लिए कहा जाएगा ।

★ अभ्यास - ८ में जैसे 'नूआखाई' पर्व है वैसे अन्य आंचलिक पर्वों पर वाक्य लिखने के लिए कहा जाएगा और वाचन का अभ्यास कराया जाएगा।

★ इस पाठ के लिए सर्वनिम्न २२ घंटियां रहेंगी । इसमें ' ू ' मात्रा का प्रयोग, पहचान, ज्यादा और कम के संबंध में जानकारी, सरल शब्द और वाक्य वाचन, विभिन्न प्रकारों के वाद्ययंत्र, योगफल १८ के बीच दो संख्याओं का जोड़, अनुच्छेद पठन, सृजनात्मक चिंतन और तथ्य संग्रह आदि दक्षताओं का विकास होना आवश्यक है ।

पाठ-२१

# भाग - भाग धरती फटी

एक गीदड़ जंगल में घूम रहा था । बेल के पेड़ के पास जा रहा था कि अचानक धमाके की आवाज सुनाई दी । गीदड़ डर के मारे बहुत जोर से दौड़ने लगा । रास्ते में खरगोश ने पूछा क्या हुआ ?




भागो : भागो । धरती फट गई । फिर दोनों आगे-पीछे होकर जोर से दौड़ने लगे । हिरन ने पूछा - क्या हुआ ? अरे ... भागो ... भागो। धरती फट गई । भागो । ऐसे राह में जिसने जिसे देखा - बोला, भागो... भागो । धरती फटी ।

सिंहराज ने देखा कि सब जानवर जंगल से डर के मारे भाग रहे हैं । उसने पूछा - क्या हुआ ? सब बोले - धरती फट गई । सिंहराज ने पता लगाया कि यह गीदड़ ने कहा है । राजा के साथ चलने को कोई राजी नहीं हुआ।




राजा के साथ हाथी गीदड़ को साथ लेकर बेल के पेड़ के पास आया। देखा, वहाँ एक बेल दो टुकड़े होकर नीचे पड़ा है।



# अभ्यास

१. चित्र देखकर खाली स्थान भरो ।





☐ षि　　☐ ग　　☐ ह　　☐ षक



२. घर के पालतू पशु-पक्षियों के चित्र देखकर घर के चित्र से जोड़ो । जंगल में रहने वाले पशु-पक्षियों को जंगल के चित्र से जोड़ो ।














३. इनमें से कौन-कौन सी चीजें हम दस रुपए में खरीद पाएँगे, बताओ।



३ रुपए


३ रुपए


२ रुपए




१ रुपए




४ रुपए



९ रुपए


२ रुपए

४. चित्र गिनकर खाली घर में लिखो।

 [ ९ ] +  [ ७ ] = [ ]

 [ ] +  [ ] = [ ]

 [ ] +  [ ] = [ ]

५. रेखा खींचकर जोड़ो।

| | |
|---|---|
| ६ + ८ | ६ + ५ |
| ८ + ३ | ५ + ७ |
| ६ + ७ | ७ + ३ |
| ६ + ६ | ८ + ८ |

६. नीचे दिए गए शब्दों को खाली घरों में लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मृग | | कृषक | | सृजन | |
| पृथ्वी | | कृपा | | प्रकृति | |

७. खाली घरों में चित्र बनाओ और = चिह्न के बदले खाली घर में जोड़कर लिखो ।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ७ फूल | + | | ५ फूल | = | | फूल |
| | ८ लकड़ी | + | | ८ लकड़ी | = | | लकड़ी |
| | ५ गेंद | + | | गेंद | = | १४ | गेंद |

८. (क) पाठ २१ में 'ऋ' ( ृ ) की मात्रा वाले शब्दों को गिनकर लिखो।

(ख) उलटे-पुलटे शब्दों को सजाकर लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| थ्वीपृ | | तिकृप्र | |

# शित्रकों और अभिभावकों के लिए सूचना

★ पहले बच्चे प्रथम चित्र को देखेंगे । फिर बाद में बच्चे और शिक्षक दोनों द्वितीय चित्र पढ़ेंगे ।

★ बच्चे द्वितीय और अंतिम चित्र देखने के बाद शिक्षक उन्हें पाठ का अंतिम भाग पढ़ाएँगे ।

★ शिक्षक पढ़ाने के समय पृथ्वी, कृषक, मृग, कृपा आदि शब्दों के उच्चारण पर ध्यान देंगे ।

★ पाठ खतम होने के बाद शिक्षक कुछ प्रश्न पूछकर पाठ की आलोचना करेंगे ।
जैसे - प्रश्न : १. कौन जंगल मे घूम रहा था ?
२. कौन आवाज सुनते ही दौड़ने लगा ?
३. गीदड़ ने खरगोश से क्या फटने की बाद कही ?
४. जंगल का राजा कौन है ?
५. अंत में हाथी ने क्या देखा ?

★ अभ्यास-८ (क) का प्रश्न पूछेंगे । पाठ में से ( ृ ) मात्रा वाले शब्दों को गिनने के लिए कहेंगे। यदि आवश्यक हो तो शिक्षक एक उदाहरण दे सकते हैं।


★ अभ्यास- ८ (ख) प्रश्न की तरह कुछ उलटे-पुलटे शब्दों को शुद्ध करने का काम करवाया जाएगा ।

★ मिट्टी से एक केला और एक सेव बनाकर उसे रंग करने के लिए कहा जाएगा।

★ इस पाठ के लिए २२ घंटियाँ रहेंगी । इस पाठ से विद्यार्थियों में 'ऋ' ( ृ ) मात्रा वाले शब्दों को पहचानना, लिखना, 'ऋ' अक्षर पहचानना, पढ़ना, नकल कर लिखने का अभ्यास करना, योगफल १८ तक संख्याओं को जोड़ना, सिक्कों का व्यवहार बताना, पालतू तथा जंगल पशु-पंक्षियों की पहचान करना, शब्द बनाना, और भाव समझकर प्रकट कर पाने की दक्षताओं का विकास करना आवश्यक है।

पाठ-२२

# विकेट उड़ गया



वासिम और कनवार
दोनों मित्र हैं ।
कनवार वासिम के
घर घूमने आया था ।

वासिम की माँ ने चूल्हे पर तवा चढ़ाकर ऑमलेट बनाई । वासिम और कनवार ने खुशी से ऑमलेट खाई ।

खाने के बाद कनवार बोला - 'वासिम, चलो बाहर चलें । हवा में घूमेंगे।

मैदान में क्रिकेट खेलेंगे ।'




दोनों बैट और विकेट लेकर बाहर निकले । कनवार ने मैदान में बॉल फेंकी । वासिम की विकेट में बॉल लगी । पत्तो की तरह विकेट ऊपर हवा में उड़ गई । वासिम और कनवार कहने लगे।

‘आ जाओ आ जाओ नीचे विकेट
हम दोनों मिलकर खेलेंगे क्रिकेट ।’




# अभ्यास


१. चित्र देखकर पढ़ो ।



तवा



विकेट



तलवार



जवान

२. हंस की चोंच में लिखे गए 'व' अक्षर से खींचकर लिखे गए शब्दों के 'व' के साथ जोड़ो ।

हवा, गुड्डी, तवा, कनवार, ढोल, वाचन, वासिम, वागन




३. चित्र देखकर उसके लिए जो शब्द है उसे खाली स्थान पर लिखो ।


(क) माँ — में रोटी बना रही थी ।



(ख) — नीचे गिरो, नीचे गिरो ।



४. नीचे के बिन्दुओं को जोड़कर देखो क्या बनता है ।



५. चित्र देखकर पूरा वाक्य घेरे में लिखो ।


हवा में  उड़ने लगी ।

वासिम की माँ ने  में ऑमलेट बनाई ।

६.



फ्रॉक्



ट्रक्




नक्षत्र



पत्र




मुद्रा



मुद्रिका

‘र’ ‘ ्र ’ मात्रा लगे हुए अक्षर पर ◯ बनाइए ।


७. जिस शब्द में हल चिह्न ( ् ) लगा है, उसी शब्द को साथ गेंद से रेखा खींचकर जोड़ो ।

गोल्

हठात्

कीट

फुट्बॉल्



गेट्

कोट्

नोट

छोटा

वागन्

मेल

८. गाओ और लिखो।



झुल् रे हाथी झुल्
हवा पानी खा फुल् ।

९. पढ़ो और गाओ ।

काली घटाओं पर

बिजली चमकी चमाचम्

बिजली रानी की देह

देखो कितना झकाझक्

बारिश हुई झमाझम्

मेढ़क कूदा फटाफट्

भोर हुई मुर्गे का पंख

सुनो करता फड़फड़।

चमचम, झलमल जैसे और कई शब्द लिखो और कहो ।





## शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सूचना

★ इस पाठ को भी चित्रों की सहायता से दो / तीन बार पूर्व पाठ की तरह पढ़ाया जाएगा ।

★ व, हल् चिह्न तथा 'र' की मात्रा वाले शब्दों पर अधिक ध्यान दिया जाएगा ।

★ शिक्षक शिक्षार्थियों को सूचना देकर काम करवाने में मदद करेंगे ।

★ अभ्यास र, छ, ॢ काम करवाने के समय क्रमश: 'व' 'र' ( ् ) तथा हल युक्त शब्दों को सिखाया जाएगा । छात्रों को ऐसे शब्द अपनी ओर से बोलने के लिए भी मौका दिया जाएगा ।

★ अभ्यास ९ में प्रत्येक छात्र गाएगा और फिर शब्द बोलेगा ।

★ इस पाठ के लिए १ २ घंटियाँ रहेंगी । छात्रों में 'व' ( ् ) मात्रा, हल चिह्न ( ् ) का प्रयोग, शब्दों को पढ़ने, लिखने, प्रयोग करने की दक्षताओं का विकास होगा ।

पाठ-२३

# कांचन की पाँच बातें




एक दिन की बात है । काञ्चन पढ़कर घर वापस आ रही थी । उस इलाके के बहुत लोग पञ्चायत के अहाते में थे । सरपञ्च बाञ्छानिधि जी कुछ कह रहे थे । चाचा पञ्चानन ने काञ्चन को बुलाया । उस समय आस-पास के पाँच-दस गाँवों में मलेरिया और हैजे की बीमारी फैली हुई थी । बीमारी से लोग बहुत परेशान थे । सब मिलजुल कर बीमारी से बचने का उपाय सोच रहे थे ।


(क) ऊपर के कुछ शब्द ऐसे भी लिखे जाते हैं -

कांचन, पंचायत, पंचानन, बांछानिधि















बांछानिधि मौसा ने कांचन से पूछा - 'किताब में बीमारी न होने का कोई उपाय है । क्या ?' कांचन ने हाथ जोड़कर कहा - 'हम सब मिलकर घर के आसपास की जगह साफ-सुथरा रखेंगे,' कचरा, घास, गंदगी को साफ करेंगे। 'गड्ढे तथा नाले-नालियों में दवाई छिड़केंगे, पानी उबाल कर पीएँगे। रोज ताजा हरी सब्जी और फल खाएँगे । यदि इन पाँच बातों को हम मानेंगे तो बीमारी से बचे रहेंगे ।



बांछानिधि मौसा, चाचा पंचानन और गाँव के सारे लोग खुश हो गए । बोले - 'शाबाश कांचन ! हम जरूर कांचन की इन पाँच बातों को मानेंगे ।'

# अभ्यास

१. पाठ के चित्र देखो और आपस में चित्रों पर आधारित बातों पर चर्चा करो।

२. शून्यस्थान की पूर्त्ति करो ।

(क) पंचायत के अहाते में — के लोग उपस्थित थे ।

(ख) सरपंच — मौसा भाषण दे रहे थे ।

(ग) पंचानन चाचा ने — को बुलाया ।

३. नीचे लिखे शब्दों के खाली स्थान पर 'ञ्च' लिखकर शब्द बनाओ ।

प — म, का — न, च — ल ,

प — नान, स — य ।

हम इन शब्दों को ऐसे भी लिख सकते हैं-पंचम, कांचन, चंचल, पंचानन

४. ञ्छ वाले शब्दों के चारोंओर गोल बनाओ।





बैठे थे बाञ्छा मौसा बेञ्च पर

झञ्झा-सी आई काञ्चन वहाँ पर



५. नीचे दिए गए चित्रों को देखो । बताओ कि चित्रों में दिए गए काम करने से क्या फायदा होगा ।







६. गिन कर खाली घर में संख्या लिखो ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
|  | में पंचू ने जोड़ा |  | = हुए | | बैंगन । |
|  | सें चंचला ने खाया |  | =बचे | | संतरे । |
|  | से कांची ने खाया |  | = बचे | | अमरूद । |
|  | से कांचन ने जोड़ा |  | = हुए | | आंवले । |

७. कितना अधिक और कितना कम गिनकर लिखो ।

(क)  और  में ____ अधिक है ।

(ख)  और  में ____ कम है ।

(ग)  और  में ____ अधिक है ।

(घ) पाँच अन्य पशु और पक्षियों के नाम लिखो ।

८. बताओ !

(क) मच्छर से हमारी क्या हानि होती है ?

(ख) दीमक से हमारी क्या हानि होती है ?

९. बताओ ।

(क) ५ + ३= कितना होगा ?

(ख) १७ रसगुल्ले थे । तुमने १२ खा दिए । कितने रसगुल्ले बचे ?

# शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सूचना

- ★ विद्यार्थी ध्यान पूर्वक चित्र देखेंगे । उसके बाद शिक्षक और बच्चे पाठ का प्रथम भाग पढ़ेंगे ।
- ★ विद्यार्थी चित्र २ और ३ देखेंगे । फिर शिक्षक और विद्यार्थी दोनों पाठ का अंतिम भाग पढ़ेंगे । इस प्रकार दो / तीन बार पाठ पढ़ने का काम होगा । पढ़ने के समय 'ञ्च' 'ञ्छ' के उच्चारण पर जोर दिया जाएगा । पाठ पढ़ने के बाद...
- ★ अभ्यास १ से शिक्षक कुछ प्रश्न पूछकर चर्चा करेंगे । जैसे - कौन पढ़कर वापस आ रहा था ? सरपंच मौसा का नाम क्या था ? इस प्रकार के अन्य प्रश्न भी शिक्षक पूछेंगे जिससे विद्यार्थी 'ञ्च' 'ञ्छ' का उच्चारण करना सीख जाएँगे ।
- ★ प्रत्येक विद्यार्थी अभ्यास ३ पढ़ेंगे ।
- ★ शिक्षक विद्यार्थियों को चित्र दिखाकर अभ्यास ५ बोलने के लिए कहेंगे । जो विद्यार्थी बोल नहीं पाएगा उसे बोलने को प्रोत्साहित करेंगे ।
- ★ अभ्यास ७ (घ) हर विद्यार्थी को बोलना पड़ेगा ।
- ★ अभ्यास ८ को हर विद्यार्थी बोलेगा । अभ्यास के प्रश्नों के साथ अन्य पशु-पक्षियों के नाम भी विद्यार्थी शिक्षक को बताएँगे ।
- ★ अभ्यास ९ में शिक्षक ९ के भीतर होनीवाली संख्या पर कुछ मौखिक प्रश्न पूछेंगे । जैसे पेड़ पर ८ गीध बैठे थे और उनमें ५ उड़ गये तो कितने रहे ?

पिताजी १२ मिठाइयाँ लाए । पंचु ने ५ मिठाइयाँ खा लीं तो कितनी रहीं ? ऐसे और कुछ प्रश्न भी शिक्षक छात्रों की सामर्थ्य के अनुसार पूछेंगे । उन्हें उत्तर देने के लिए भी थोड़ा बहुत समय दिया जाएगा ।

उपरोक्त प्रश्न पूछने के बाद जो ५ से ९ के भीतर होनेवाली संख्या तथा ९ संख्या के भीतर घटाव आधारित कुछ मुक्त उत्तरमूलक प्रश्न भी पूछना जरूरी है । जैसे-

- ★ किस संख्या से कितना जोड़ने पर ८ होगा ?
- ★ किस संख्या से कितना घटने पर ३ होगा ?

ऐसे प्रश्नों के सही उत्तर देने के लिए शिक्षक छात्रों को प्रोत्साहित करेंगे ।

इस पाठ के लिए कुल २३ घंटियाँ होंगी। विद्यार्थियों को ञ्च, ञ्छ पहचानना, पढ़ना, लिखना, १ से १८ के भीतर घटाना, विभिन्न पशु-पक्षियों और कीड़े-मकोड़ों को पहचानना, मौखिक जोड़, घटाव करना (घटा ९ के भीतर हो), स्वास्थ्य का नियम बताना और शरीर को साफ-सुथरा रखना आदि बताने का काम होगा । उनमें ये सारी दक्षताओं का विकास करने का उत्तरदायित्व शिक्षक का है जो अत्यंत आवश्यक है ।

पाठ-२४

# वाह ! इतना बड़ा !


वैशाख का महीना । चिलचिलाती धूप । ऐरावत आया । बन्दर और वंशीधर ने उसे देखा । उसे बेपारीगुड़ा से लाए एक तरबूज दिया ।

ऐरावत बोला - ''मैं इसे क्यों लूँ ? हमारे इलाके में तो आँवला और बेरी भी इससे बड़े बड़े होते हैं ।



# अभ्यास

१. पढ़ो ।



भौंरा



कुईं



मुँह



सैनिक



हंस



सिंह

२. पढ़ो और लिखो ।

गाँव माँस काँटा कलियाँ

अंश कंस हंस कांस

सैनिक ऐनक दैनिक बैठक

३. सब मिलाकर ठीक से पढ़ो।

गा व
बा श
मु ह
का टा

◯ के भीतर के अक्षरों में ‘ ँ ’ चिह्न लगाएँगे

ह स
मा स
का स
स सार

◯ के भीतर वाले अक्षरों में ‘ ं ’ चिह्न लगाएँगे

ए नक
श तान
न तिक
श लाब

◯ के भीतर के अक्षरों में ‘ े ’ मात्रा लगाएँगे

४. सही शब्द लिखो और ठीक से पढ़ो ।




(क) लड़की — कह रही है ।
(नहीं-नहीं, यहीं-यहीं)



(ख) कैलाश — आ रहा है ।
(साँय-साँय, धाँय-धाँय)



(ग) लड़का — बहा रहा है ।
(आँत, आँसू)



(घ) कुत्ता — खा रहा है ।
(बाँस, मांस)



(ङ) जंगल का राजा — है ।
(हंस, सिंह)



(च) तालाब में — है ।
(सिंह, हंस)

५. तरबूज की लता को ऐसे बढ़ाते जाओ जैसे वह अन्य चित्रों की लताओं को स्पर्श करती जाएगी ।



६. खाली घरों को भरकर पढ़ो ।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ० | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ |
| १० | – | – | १३ | १४ | १५ | – | १७ | १८ | १९ |
| २० | २१ | २२ | २३ | २४ | २५ | २६ | २७ | २८ | २९ |
| – | ३१ | ३२ | ३३ | – | – | ३६ | ३७ | ३८ | ३९ |
| – | – | ४२ | – | ४४ | ४५ | ४६ | – | ४८ | ४९ |
| ५० | – | ५२ | – | – | ५५ | – | – | – | ५९ |
| ६० | ६१ | ६२ | ६३ | ६४ | – | – | – | ६८ | ६९ |
| – | ७१ | ७२ | ७३ | ७४ | – | – | – | ७८ | – |
| ८० | – | – | – | – | ८५ | – | – | ८८ | – |
| – | ९० | – | – | – | – | ९६ | – | – | – |

(ख) लाल रंग से लिखी गई संख्या दहाई है और काले रंग से लिखी गई संख्या इकाई है ।

★ बाईं से दाईं ओर लिखी गई काले रंग की एक संख्या दूसरी संख्या से कितनी अधिक है, बताओ ।

★ लाल रंग की पंक्ति में जहाँ २ हो उसी पंक्ति के अंतिम घर में कितना लिखा गया है ?

★ लाला रंग की पंक्ति में यहाँ ६ है, उसी के पहले घर में कितना लिखा गया है ?

७. नीचे लिखे वाक्यों को पढ़ो । ‘ ँ ’ चिह्न वाले शब्दों के नीचे रेखा (—) खींचो । ‘ ं ’ चिह्न शब्दों के नीचे (–) रेखा खींचो ।

‘ ै ’ मात्रा दिए गए शब्दों के चारों ओर ◯ और ‘ े ’ मात्रा शब्दों के चारोंओर ☐ करो ।

★ वैपारीगुड़ा गाँव में दैनिक हाट लगती है ।

★ वंशीधर ने बाजार से बर्तन खरीदे ।

★ ऐतिहासिकों का काम है इतिहास लिखना ।

★ इतिहास पढ़कर ऐर खारबेल का नाम जानेंगे ।

## शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सूचना

★ अभ्यास ६ (ख) में दिए गए प्रश्नों की तरह शिक्षक छात्रों से अन्य सरल प्रश्न पूछेंगे । (संख्या पर आधारित)

★ अभ्यास ६ (क) की संख्या पहले खाली घरों में छात्र लिखेंगे। उसके बाद छ (ख) का काम करवाया जाएगा ।

★ अभ्यास (७) काम करने में शिक्षक छात्रों की मदद करेंगे । वे अपने मन से ऐसे चिह्नवाले वाक्य श्यामपट पर लिखकर छात्रों को समझाएँगे ।

★ अभ्यास ७ काम के बाद अभ्यास ६ (क) में खाली घर में जो संख्या रहेगी उसी संख्या पर आधारित अन्य प्रश्न देना आवश्यक है ।

★ अभ्यास ६ (क) जैसे बाईं ओर से दाईं ओर संख्या बढ़ती हुई लिखी गई है वैसे शिक्षक छात्रों को ऊपर से नीचे की ओर छोटी संख्या से बड़ी संख्या लिखने को कहेंगे । छात्र बक्से के नीचे अपना नाम लिखकर कक्षा में लटकाएँगे ।

★ इस पाठ की २० घंटियों में छात्रों को ऐ, मात्रा, ँ (चन्द्रबिन्दु), ं (अनुस्वार) आदि चिह्नों को पहचान कर पढ़ेंगे और लिखेंगे । छात्र १ से ९९ तक गिन पाने की दक्षता, संख्या सूचक जैसे इकाई, ढहाई लिखना और पेड़-पौधौं की पहचान करने की दक्षता विकास करेंगे ।


पाठ-२५

# खंजड़ी बाजा




खंजड़ी बाजा दलगंजन
गीत गाकर करता मनोरंजन ।

गीत सुनकर दौड़ा मुर्गा
खुश होकर आ गया मुर्गा
नाचा, पशुराज दिखाया पञ्जा
हिरनों को भी आ गया मजा
भागे सब मानो उड़ गया झञ्झा ।



# अभ्यास

१. चित्र देखकर पढ़ो ।



खंजड़ी



इंजन



गंजीरा



अञ्जरी भर फूल



पिंजड़ा / रा

२. 'ञ्ज' अक्षर  के नीचे रेखा खींचो ।

संञ्जु मञ्जु गाञ्जा पिञ्जरा मञ्जरी रञ्जन अञ्जन

हिंदी में प्रचलित इन शब्दों के रूप ऐसे भी हैं-

मंजु, गाँजा, पिंजरा, मंजरी, रंजन, अंजन ।


३. जिस शब्द में 'ञ्झ' है, उसके नीचे रेखा खींचो ।

साञ्झ बाञ्झ विञ्झारपुर सिंह का पञ्जा


जैसे, शब्दों को ऐसे भी लिखते हैं

साँझ बाँझ बिंझारपुर पंजा


४. नीचे दिए गए चित्रों में से २० चित्रों को लेकर एक घर बनाओ । कितने बच गए, लिखो । फिर इकाई, दहाई के घर में लिखो ।




| दहाई | इकाई |
| --- | --- |
| १ | २ |



| दहाई | इकाई |
| --- | --- |
| | |



| दहाई | इकाई |
| --- | --- |
| | |







| दहाई | इकाई |
| --- | --- |
| | |

५. नीचे दिए गए चित्रों के नाम बताओ । इनमें से कौन पानी में रहता है और कौन जंगल में रहता है, रेखा खींच कर दिखाओ ।















पानी में रहते हैं


जंगल में रहते हैं

६. (क) जंगल में रहनेवाले कुछ जीव-जंतुओं के नाम बताओ ।
(ख) कौन क्या खाता है, लकीर खींचकर जोड़ो ।





७. पञ्चम, वाञ्छानिधि, खञ्जड़ी, बाञ्झ, साञ्झ आदि संयुक्ताक्षरों को इस तरह भी लिखा जाता है । जैसे - पंचम, बांछानिधि, खंजड़ी, बांझ, साँझ आदि ।

इस प्रकार शब्दों को शिक्षक छात्रों को लिखाएँगे ।

## शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सूचना

- ★ इस गीत को अभिनय करके २/ ३ बार आवृत्ति की जाएगी । गीत से पंक्ति, पंक्ति से शब्द, शब्द से अक्षर पहचानने का कार्य करवाया जाएगा ।

- ★ अभ्यास ४ दहाई / इकाई काम के लिए वस्तुओं का प्रयोग किया जाएगा ।

- ★ अभ्यास ५ और ६ के लिए छात्र अधिक पशु-पक्षी, कीड़े-मकोड़ों के नाम बताएँगे । उनमें से कौन कहाँ रहता है, कौन क्या खाता है, उस पर चर्चा की जाएगी ।


- ★ इस पाठ के लिए १९ घंटियाँ मिलेंगी । इस पाठ के दौरान 'ञ्ज', 'ञ्झ' अक्षरों की पहचान, शब्द गठन, लेखन, इकाई, दहाई की जानकारी पशु-पक्षी कहाँ रहते हैं और क्या खाते हैं आदि जानकारी विषयक दक्षताओं का विकास होगा ।

पाठ-२६

# काँटा लगा गले में



सियार के गले में
लग गया काँटा
कर न सका अपनी
कमर सीधा
वैद बनकर
आया बगुला।
चोंच से अपना
काँटा निकाला।



दोनों मिलकर
गए बाजार
कण्ठ साफकर
गाना गाया

# अभ्यास

१. (क) तोते की ठोंठ में जो अक्षर लिखा गया है 'ण्ट', उसके चारों ओर गोल बनाओ ।




काण्टा, बण्टन, मेण्ट, घण्टी, पिण्टु, अण्टी, पेण्ट

इन शब्दों को ऐसे भी लिखते हैं-

काँटा, बंटन, मेंट, घंटी, पिंटु, अंटी, पेंट

(ख) नीचे लिखे शब्दों में 'ण्ठ' अक्षर से नीचे लकीर खींचो।

कण्ठ, लुण्ठन, गाण्ठ, गाण्ठिया

२. (क) गीत को ध्यान से पढ़ो । गीत में जहाँ 'ण्ट' लिखा गया है, उन शब्दों को नीचे लिखो ।

काण्टा

टण्टा

(ख) गीत को ध्यान देकर पढ़ो और जहाँ 'ण्ठ' लगा है, उन शब्दों को नीचे लिखो ।

कण्ठ

३. शून्यस्थान पूर्त्ति कर वाक्यों को पढ़ो ।

(क) सियार के गले में — लगा ।

(ख) बगुले ने — से कांटा निकाला ।

(ग) सियार और बगुला ने — साफकर गाना गाया ।

(घ) बाजार में सेब — बिक रहा था ।

४. (क) सब मिलकर गाओ।

घण्ट-घण्टी बजे मन्दिर में
नर-नारी खड़े पंक्ति में
सब की नजर आरती पर
राम की नजर भक्तों पर।

(ख) नीचे लिखे शब्दों को पढ़ो ।

कण्ठ, ऐरावत, ऐतिहासिक, जवान, गण्ठरी

(ग) 'काण्टा' को 'काँटा' भी लिखा जाता है । उसी तरह 'गाण्ठिया' को 'गाँठिया' भी लिखा जाता है । अब तुम घण्ट, कण्ठ, घण्टी, लुण्ठन आदि शब्दों को उसी तरह लिखो ।



५. निम्नलिखित शब्दों को पढ़कर 'ऐ' उच्चारण वाले शब्दों के नीचे रेखा खींचो।

आसमान पर उड़ता राष्ट्रीय झंडा
मातृभूमि के लिए वीर सैनिक खड़ा ।
लड़कर देश की करेंगे रक्षा
सैनिक हम करेंगे देश की सेवा ।

६. खेती के लिए जो चीजें आवश्यक हैं, उन्हें पहचानो और खेती वाले चित्र से उसे जोड़ो ।



७. नीचे दिखाए गए चित्रों को गिनकर खाली घरों में संख्या लिखो ।

| | | |
|---|---|---|
| आम |  | |
| नींबू |  | |
| अनार |  | |
| सेब |  | |

(क) कौन सा फल अधिक है ?

(ख) कौन सा फूल कम है ?

८. सारणी देखकर सबसे छोटी संख्या और सबसे बड़ी संख्या खाली घर में लिखो ।

| संख्या | सबसे छोटी संख्या | सबसे बड़ी संख्या |
|---|---|---|
| १, २, ३, ४, ७, ९, | १ | ९ |
| १०, २०, ७०, ४० | | |
| ४७, ४९, ४१, ३५ | | |
| ९९, ७७, ६६, ४४ | | |
| ८०, ९०, ६०, ५० | | |

९. नीचे लिखी गई संख्याओं को छोटे से बड़े क्रम में सजाकर लिखो ।

३, १, १०, ९, १८

१७, १५, ४०, ५५, ६०

(ख) ऊपर की संख्याओं को फिर से बड़े से छोटे क्रम से सजाकर लिखो ।

१०. सब नाचकर एक साथ गाओ।



अरी गुड़िया रानी
यहाँ घुटने तक पानी ।
अरी ओ गुड़िया रानी
यहाँ घुटने तक पानी ।



## शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सूचना

★ पाठ के गीत को २/३ बार चित्रों के साथ पढ़ाया जाएगा ।

★ इस गीत की आवृत्ति की जाएगी जैसे दूसरे गीत की होती है । 'ण्ट' का पठन, लेखन और ऐ / ै मात्रा का भी पठन और लेखन का अभ्यास होगा ।

★ अभ्यास १ / २ की तरह अधिक अभ्यास और लेखन कार्य करना जरूरी है ।

★ अभ्यास ६ की भाँति कृषि संबधित कार्य तथा आवश्यक उपकरणों पर भी चर्चा होगी ।

★ अभ्यास ७, ८, ९ की तरह अधिक अभ्यास कार्य किए जाएँगे ।

★ अभ्यास १० के गीत को अभिनय करके बोलने के समय छात्रों को शरीर के विभिन्न अंगों को शिक्षक बताएँगे ।

★ इस पाठ के लिए २५ घंटियाँ होंगी । छात्रों को ण्ट, ण्ठ की पहचान, शब्दों को पढ़ना, चित्रों को गिनकर लिखना, सबसे बड़ी संख्या और संख्या को क्रमानुसार लिखना (९९ तक), कृषि कार्य तथा उपकरणों की जानकारी आदि दक्षताओं का विकास करना आवश्यक है ।

पाठ-२७

# बेटी हो तो ऐसी


गौरी और गौतम दोनों भाई-बहन हैं । दु:खीराम उनके पिता हैं । परिवार में केवल माँ-बाप और गौरी, गौतम । छोटा-सा परिवार । कोई दिक्कत नहीं ।



एक दिन दु:खीराम बाबू घर पर नहीं थे । अचानक गौतम की तबीयत खराब हो गई । उसी समय आँधी-तूफान भी आ गया । गौरी भाई की अस्वस्थता से परेशान हो गई । वह आँधी-तूफान से डरी नहीं । सीधे गौतम को लेकर डॉक्टर के पास पहुँची ।



डॉक्टर ने गौतम को देखा । रविवार से शनिवार तक एक हफ्ते के लिए दवाई दी । गौतम ने नियमित रूप से दवाई खाई । उसकी तबीयत ठीक हो गई ।



गौरी का साहस देखकर गाँव के लोग वाह ! वाह ! करने लगे।

सभी बोले - ''बेटी हो तो ऐसी ।''

# अभ्यास

१. पढ़ो और लिखो ।

(क) गौतम ने किस किस दिन दवाई खाई ?

उ.- गौतम ने रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को दवाई खाई ।

२. रिक्त स्थानों की पूर्त्ति करो ।

रविवार, सोमवार, — , — , गुरुवार, शुक्रवार, —

३. नींचे दिए गए घर से अक्षर लेकर शब्द बनाओ और लिखो।

जैसे : कौरव, गंगा

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कौ | ग | न्दि | न | दि | दुः |
| गा | वै | म | र्सी | र | न |
| ख | आ | भ | क्त | न्द | व |
| मा | भा | री | गौ | ई | ह |

४. चित्र देखकर नीचे दिए गए शब्दों को पढ़ो ।







पौधा नौका कौवा

५. सब मिलकर गाओ ।

गौरव है पढ़ने में प्रथम सौरभ है खेल में प्रथम
दोनों बढ़ाते स्कूल का यश
पढ़ने खेलने में रहते हैं मस्त ।

६. नीचे दिए गए शब्दों के प्रथम अक्षर में कौ (औ) मात्रा देकर पढ़ो और पूरे शब्द को लिखो ।

जैसे : करव - कौरव

दलत, सरभ, गरव, मसम, नका, गरी, मन ।

७.





दु:ख

' : ' इस प्रकार का चिह्न जिस शब्द में है उसके चारों ओर ◯ लगाओ ।

८. (क) आओ, सब मिलकर गाएँ ।



वाह ! वाह ! भाई बढ़िया मजा
भालू नाच करे बजाकर बाजा ।
गीत  गाता गधा आया चला
हँसना बढ़ा बच्चों का मेला ।

(ख) रिक्त स्थान पर सही शब्द लिखो ।

(वा: या:, आ: ओ:)

★ मिता गिर गई और — कहकर बैठ गयी ।
★ गौरी दौड़ में प्रथम आयी । इसलिए सभी लोगों ने — किया ।
★ एक आदमी धूप में पसीने से परेशान होकर बोला — क्या धूप है !


९. चित्र देखकर बताओ । चिकि ने दिन भर में किस काम के बाद कौन-सा काम किया ?

◯ १, २, ३, ४... क्रम में लिखो ।



१०. नीचे दिए गए चित्र देखकर आगे का चित्र बनाओ ।

(क) 

(ख) 

११. बताओ ।

(क) किन-किन पेड़-पौधों की जड़ और पत्तों से हम दवाई बनाते हैं ?
जैसे - तुलसी पत्ते का रस खाँसी और बुखार के लिए । वैसे —

(ख) विद्यालय में तुम कितने बजे मध्याह्न भोजन करते हो ?

(ग) बुधवार से पहले कौन-सा वार आता है ?

(घ) शनिवार के बाद कौन-सा वार आता है ?

## तुम्हारे लिए काम :

तुम अपने माता-पिता से पूछकर कुछ पेड़-पौधों के नाम जानो जिनसे बीमारी ठीक होती है । और उन्हें दोस्तों को बताओ ।

# शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सूचना

★ शिक्षक आवश्यकतानुसार अभ्यास काम की सूचना उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को समझाएँगे । ताकि वे स्वतंत्र होकर काम कर सकें ।

★ अभ्यास ३, ६, ७ के चित्रों की भाँति अन्य चित्रों तथा शब्दों के जरिए इस प्रकार के अधिक कार्य करवाना आवश्यक है ।

★ अभ्यास ३ में कौशल, गौरव, कौरव, गौरांग आदि शब्दों का अभ्यास करवाना चाहिए ।

★ इस पाठ को पढ़ाने के लिए २५ घंटियाँ रहेंगी । इस पाठ से 'औ' ौ मात्रा की पहचान, ( : ) विसर्ग चिह्न पहचानना, पढ़ना, लिखना सप्ताह के वारों को क्रम से बोलना, दिनचर्या में विभिन्न कार्यों को क्रमानुसार सजाना, पेड़-पौधों से बनी जड़ी-बूटी की जानकारी और प्रयोग आदि दक्षताओं का विकास होना आवश्यक है ।

पाठ-२८

# रत्नाकर का जन्मदिन

आज रत्नाकर का जन्मदिन है । वह जल्दी जाग उठा । नहा लिया । मन्दिर जाकर भगवान को प्रणाम किया । उसके कुछ मित्र घर पर आए । उपहार दिए । पूजा के लिए कमल का फूल लाया गया । पूजा के बाद प्रसाद बाँटा गया । तरह-तरह की मिठाइयाँ बनीं । खीर भी बनी । सारे मित्रों ने मिलकर अन्नप्रसाद सेवन किया ।



रत्नाकर ने अपने मित्रों से कहा, 'पेड़-पौधे कम हो जाने के कारण हमारी बहुत हानि होती है । जन्मदिन के अवसर पर मैं एक पौधा लगाना चाहता हूँ । मित्रों ने भी खुश होकर पौधा लगाया ।



# अभ्यास

१. चित्र देखकर पढ़ो ।



चंद्र



पद्म



तोरई

२. ‘ न ’ वाले शब्दों के नीचे रेखा खींचो ।

भिन्न, चिह्न, कान्हा, मौन, रत्न, नन्हा, कौरव, यत्न,
पत्र, मग्न, कुई, कौवा, कोयल, गौरव, जुन्हैया

३.



ऊपर के चित्र देखकर सही जगह पर ‘न’ लगाओ और पढ़ो ।

४. सब-मिलजुलकर गाओ ।

नन्हा कान्हा नटखट

मक्खन खाता झटपट

५. (क) खाली घरों में 'न्न' लिखकर पढ़ो ।

भि [ ] अ [ ] छि [ ]

(ख) '्न' देकर और कुछ शब्द लिखो ।

६. आओ, '्म' की मात्रा वाले अक्षरों पर घुमाओ ।

संवाद, अम्मा, सम्मान, लक्ष्मी,

स्मरण, चिह्न, स्नान, मम्मी

७. नीचे दिखाए गए शब्दों के जिस अक्षर में ○ चिह्न है उसके साथ (्म) लगाकर पढ़ो ।

स (वा) द, हि (म) त, दिस (ब) र, कु (भी) र, प (प)

८. पढ़ो ।

भारत हमारी जन्मभूमि


स्वर्ग से अधिक न्यारी ।

बढ़ाएँगे हम शान उसकी


जननी वह हमारी प्यारी ।

८. चित्र देखकर खाली स्थान में सही शब्द लिखो ।

 साफ न करने से


 साफ न करने से

 साफ न करने से


 न काटने से

बताओ, इसे साफ न करने से क्या हानि होती है ?


९. चित्र के क्रम को देखकर खाली घरों में चित्र बनाओ ।



१०.



ऊपर के चित्रों को देखकर विभिन्न आकृतियों को गिनकर खाली घरों में लिखो ।



सबसे अधिक

चित्र [ ] है ।

खाली घर में सबसे अधिक संख्या वाले चित्रों में से एक बनाओ ।

सबसे कम

चित्र [ ] है ।

खाली घर में सबसे कम संख्या वाले चित्रों में से एक बनाओ ।

११. अपने दाएँ हाथ से बाएँ हाथ को मापकर लिखो, कितने बित्ते हुए और कितनी अँगुलियाँ हैं ?

[ ] बित्ते [ ] अंगुल

१२. पिताजी, माता, चाचा, बड़े भाई, बड़ी बहन के एक हाथ को तुम अपने हाथ से मापकर बताओ कितने बित्ते हुए और कितनी अँगुलियाँ हुईं । लिखो ।

| | |
|---|---|
| पिता | ______ बित्ते ______ अंगुल |
| माता | ______ बित्ते ______ अंगुल |
| चाचा | ______ बित्ते ______ अंगुल |
| बड़े भाई | ______ बित्ते ______ अंगुल |
| बड़ी बहन | ______ बित्ते ______ अंगुल |

१३. पढ़ो और लिखो ।

पक्ष, पक्षी, अक्षर, शिक्षक

वृक्ष, क्षमा, अक्षत, साक्षात

## शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सूचना

★ यदि किसी अभ्यास कार्य की सूचना समझने में छात्रों की असुविधा हो, तब शिक्षक उन्हें उदाहरण देकर समझाएँगे । अभ्यास ३ के गीत की तरह अन्य उपयोगी छोटे-छोटे गीतों की आवृत्ति की जाएगी ।

★ अभ्यास - ८ के काम के साथ-साथ शिक्षक शरीर के अन्य अंगों के बारे में भी बताएँगे ।

★ अभ्यास ९, १०, ११ की तरह प्रत्येक छात्र के लिए अधिक कार्य की भी चर्चा होगी ।

★ इस पाठ के लिए ३० घंटियाँ रहेंगी । इस पाठ से छात्रों को 'न' / 'ᒥ' पढ़ाना, लिखाना, परिवार के सदस्यों तथा मित्रों के साथ उत्तरम व्यवहार करना, शरीर के अंगप्रत्यंगों को साफ-सुथरा रखना, तर्कपूर्ण विचार करना, दृश्य संग्रह करना, नाप सिखाना, तथ्य संग्रह करना, सजाना तथा तथ्यों की व्याख्या करना आदि दक्षताओं का विकास होना आवश्यक है ।

## मैंने जो सिखा :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ए | ऐ | ओ | औ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| य | र | ल | व | श | ष | स |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह | क्ष | ड़ | ढ़ |
| ं | ः | ँ | ् |

मात्रा :

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ा | ि | ी | ु | ू | ृ | े | ै | ो | ौ |

संयुक्ताक्षर :

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ङ्क | ङ्ख | ङ्ग | ङ्घ | ञ्च | ञ्छ | ञ्ज | ञ्झ | ण्ट | ण्ठ |

मात्रा :

| | | |
|---|---|---|
| ्र | ्र | ्र |

# वन्दे उत्कल जननी

वन्दे उत्कल जननी...

चारु हासमयी चारु भाषमयी

जननी जननी जननी... । ० ।

वन्दे उत्कल जननी

पूत-पयोधि-विधौत-शरीरा

ताल-तमाल-सुशोभित-तीरा

शुभ्र तटिनी कूल शीकर समीरा

जननी जननी जननी... । १ ।

घन घन वनभूमि राजित अङ्गे

नील भूधरमाला साजे तरङ्गे

कल कल मुखरित चारु विहंगे


जननी जननी जननी... । २ ।

सुन्दर-शालि-सुशोभित-क्षेत्रा

ज्ञान-विज्ञान-प्रदर्शित-नेत्रा

योगी ऋषिगण-उटज-पवित्रा

जननी जननी जननी । ३ ।


Finish
100
99
98
97
96
95
94
93
92
91
81
82
83
84
85
86
87
88
89
90
80
79
78
77
76
75
74
73
72
71
61
62
63
64
65
66
67
68
69
70
60
59
58
57
56
55
54
53
52
51
41
42
43
44
45
46
47
48
49
50
40
39
38
37
36
35
34
33
32
31
21
22
23
24
25
26
27
28
29
30
20
19
18
17
16
15
14
13
12
11
1
2
3
4
5
6
7
8
9
10